# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## HALF YEARLY EXAMINATION

## (SAMPLE PAPER)

**SESSION 2026 – 27**

**SUBJECT : HINDI**

**TIME : 03 HRS** **GRADE – VI** **M.M:80**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**लिखाई साफ सुथरी होनी चाहिए।**

**खंड क** **(15)**

1. **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें- :** **(5×2=10)**

रवि एक मेहनती छात्र था। वह प्रतिदिन समय पर विद्यालय जाता था और नियमित रूप से अपना गृहकार्य पूरा करता था।उसे पुस्तकें पढ़ना बहुत पसंद था। एक दिन विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। रवि ने प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। उसके अध्यापक और माता-पिता उसकी सफलता से बहुत खुश हुए।

(क) रवि कैसा छात्र था?

(ख) रवि को क्या पसंद था?

(ग )विद्यालय में कौन-सी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी?

(घ )निम्नलिखित कथन व कारण को ध्यान पूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए :-

कथन (A): रवि ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कारण (R): रवि मेहनती था और नियमित रूप से पढ़ाई करता था।

(i) A और R दोनों सत्य हैं तथा R, A की सही व्याख्या करता है।

(ii) A और R दोनों सत्य हैं, परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता।

(iii) A सत्य है, R असत्य है।

(iv) A असत्य है, R सत्य है।

(ड़) रवि की सफलता पर कौन-कौन खुश हुए ?

**2.निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें-:** **(5×1=5)**

"कोशिश करने वाले की हार नहीं होती।
लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती।
नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।"

क. कविता में किसकी हार नहीं होती?

ख. नौका पार न होने का क्या कारण बताया गया है?

ग.चींटी क्या लेकर चलती है?

घ.चींटी कितनी बार फिसलती है?

ड. कविता से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

## खंड ख (20)

**3.भाववाचक संज्ञा बनाइए-:** **(2×1=2)**

(क ) मित्र (ख ) हरा

**4.निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प छांट कर लिखिए -:** **( 3×1=3)**

(क) किस सर्वनाम को संकेत वाचक सर्वनाम भी कहा जाता हैं।

(i)पुरुषवाचक सर्वनाम को (ii) निश्चयवाचक सर्वनाम को

(iii)प्रश्नवाचक सर्वनाम को (iv) संबंधवाचक सर्वनाम को

(ख) उदारता, मानवता ,गिरावट आदि संज्ञा शब्द है:

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ii) जातिवाचक संज्ञा

(iii) भाववाचक संज्ञा ( iv) समूह वाचक संज्ञा

(ग) 'मैं और पर' किस कारक के परसर्ग है ?

(i )करता कारक के (ii) कर्म कारक के

(iii) संबंध कारक के (iv) अधिकरण कारक के

**5. उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरो -:** **(2×1=2)**

(क) जो मेहनत करता है,______कभी असफल नहीं होता।

(ख ) फोन, टीवी ,लैपटॉप आदि ______ संज्ञा शब्द है।

**6. लिंग बदलो - :** **(2×1=2)**

(क ) आयुष्मान (ख )बुद्धिमान

**7.वचन बदलो -** **(2×1=2)**

(क ) विधि (ख) राखी

**8.निम्नलिखित उपसर्ग से मूल शब्द जोड़कर नया शब्द बनाएं -:** **(2×1=2)**

(क) प्रति (ख )बिन

**9.निम्नलिखित प्रत्यय से मूल शब्द जोड़कर नया शब्द बनाएं:-** **(2×1=2)**

(क ) ओना (ख )आवट

**10. पर्यायवाची शब्दों के अर्थ लिखिए :** **(2×1=2 )**

(क ) उद्यान (ख )गंगा

**11. विलोम शब्दों के अर्थ लिखें :** **(2×1=2 )**

(क) उत्कर्ष (ख )दुर्बल

**12 . रेखांकित शब्दों में सर्वनाम का भेद लिखिए :-** **(2×0.5=1)**

(क ) तुम्हें उनकी बात अवश्य माननी चाहिए ।

(ख ) कोई बहुत देर से दरवाजा खटखटा रहा है ।

खंड ग (30)

**13.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें : (कोई पांच लिखें) (5×1=5 )**

क.राम ने अपना राज्य क्यों छोड़ दिया?

ख. लेखक के अनुसार सज्जन भगवान को कैसे जानते होंगे ?

ग. बच्चा क्या मांग रहा था?

घ. 'मन भारी होना' का क्या अर्थ है?

ड. कौन सज्जन के चाचा के दोस्त हैं?

च. सुधा की धारा का क्या आशय है?

**14.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ( कोई पांच लिखें) - ( 5×3=15)**

क. लेखक को किसी से 'आप कहां जा रहे हैं '- सवाल पूछना अटपटा क्यों लगता था ?

ख. बाबा को अनाज मुफ्त मिलने की बात पर विश्वास क्यों नहीं हुआ ?

ग. सरकारी आदमी क्या मुनादी कर रहा था?

घ.रत्नेश चरण धो रहा है से कवि का क्या आशय है?

ड. खोमचे वाले के साथ पहले दिन लाल जूते का क्या हाल हुआ?

च. मालकिन को खोपचे वाले पर दया क्यों आई ?

**15. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें-:(कोई पांच लिखे) ( 5×2=10)**

क. बातूनी सज्जन के चरित्र की विशेषताएं लिखिए ? आपकी दृष्टि में वह कैसे इंसान है?

ख. सरदार साहब की विशेषताएं लिखिए। उदाहरण भी दीजिए?

ग. यहां की शैक्षिक स्थिति के बारे में कवि ने क्या लिखा है (15)

**16. 'ईमानदारी का फल' विषय पर कहानी लिखिए -: ( 8)**

**17. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उसका वर्णन 80 से 100 शब्दों में कीजिए -: ( 7)**

